हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025



11 ्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी ...





12 अधिकारी पालिसी की आड़ में कर्मचारियों ...




## खबर संक्षेप

### वार्ड-8 के लोगों की सुनी जाएंगी समस्याएं

**भिवानी।** नगरपरिषद द्वारा रविवार को खुला दरबार का आयोजन करके वार्ड संख्या 8 के लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी। नप का खुला दरबार एमसी कॉलोनी के सेंट्रल पार्क में आयोजित होगा। इस दौरान संबंधित वार्ड के पार्षद के अलावा नप अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि लोगों की समस्याओं को अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निपटाने का प्रयास किया जाएगा।

### सूर्यवंशी महाराजा शुरसैनी की जयंती आज

**भिवानी।** भारतीय इतिहास की गौरवशाली सूर्यवंशी परंपरा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का स्थान सर्वोच्च है। सत्य, धर्म, मर्यादा और प्रजावत्सलता के प्रतीक भगवान श्रीराम की यही परंपरा आगे चलकर महाराजा शूरसैनी (शूरसेन) के रूप में विकसित हुई, जिन्हें राजा राम का वंशज माना जाता है। पुराणों के अनुसार सूर्यवंशी परंपरा की शुरुआत भगवान श्रीराम के जन्म से हुई। उनके वंशजों ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी धर्म आधारित शासन और लोककल्याण की परंपरा को जीवित रखा। इसी वंश परंपरा में आगे चलकर महाराजा शूरसैनी का उदय हुआ, जिन्होंने शूरसैन जनपद की स्थापना की। शूरसैनी वंश का संबंध भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के अवतारों से जुड़ा हुआ माना जाता है।

## धुंध की मार घटी दृश्यता वाहन चालक हुए लाचार

# रोडवेज ने बसों की गति घटाई गंतव्य तक लग रहा दोगुना समय

### कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए, आठ डिग्री लुढ़का पारा





भिवानी। धुंध को चिरकर गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक और स्कूल में जाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- धुंध इतनी ज्यादा गहरी थी कि 5 मीटर से ज्यादा दूर तक दिखाई नहीं दे रहा था
- रोडवेज ने धुंध में 40 किलोमीटर से ज्यादा गति में बसों को नहीं चलाने की नसीहत दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

करीब चार से पांच दिनों तक चटक धूप खिलने के बाद शुक्रवार को अचानक फिर से धुंध की चादर तन गई। देर रात से ही धुंध छाने की वजह से सड़कों पर विरानी सी छा गई। हालांकि वाहन एक दूसरे वाहन के पीछे लग कर गंत्तव्य तक पहुंचे,लेकिन उनको पहुंचने में दो से ढाई गुणा समय लग गया। जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ा।

दूसरी तरफ धुंध की चादर तनने के बाद रोडवेज ने अपनी सभी बसों की गति सीमा कम कर दी। धुंध में 40 किलोमीटर से ज्यादा गति में बसों को न चलाने की नसीहत दी है। अगर इससे ज्यादा कोई चालक बस चलाता मिला तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अल सुबह कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। दोपहर करीब एक बजे के आसपास चटक धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस व्यक्त चहुंओर धुंध की चादर तनी हुई थी। धुंध की गहनता इतनी ज्यादा थी कि 5 मीटर से ज्यादा दूर तक दिखाई नहीं दे रहा था। रिहायशी इलाकों में तीन से पांच मीटर दूरी तक का ही दिखाई दे रहा था। आबादी से



भिवानी। ठंड से बचने के लिए अलाव सेकते हुए।

बाहर निकलने के बाद ओर भी दृश्यता घटी हुई नजर आ रही थी। धुंध का सबसे ज्यादा असर वाहनों पर पड़ा। वाहन एक दूसरे के पीछे लग कर गंतव्य तक पहुंचे। धुंध की वजह से वाहन चालकों गंत्तव्य तक पहुंचने में दो से तीन गुना समय लगा। दूसरी तरफ धुंध के बाद पारा भी एकदम नीचे खिसकना शुरू हो गया। पारा लूढक कर 8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों की जाड़े की मारे कंपकपी छूटती रही। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए।

### रोडवेज के पहियों पर लगे ब्रेक

शुक्रवार को रोडवेज मुख्यालय से सभी बसों की गति सीमा घटाने के आदेश जारी किए गए। भेजे आदेशों में कहा गया कि धुंध के वक्त कोई भी बस 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ज्यादा तेज न चलाई जाए। अगर इस मामले में किसी तरह की कोई कोताही या ढिलाई बरती गई तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ रोडवेज मुख्यालय की तरफ से इस तरह का पत्र पहुंचने के बाद बस चालकों को इस तरह के आदेशों से वाकिफ करवाया गया और उनको निर्धारित गति सीमा में ही बसें चलाए जाने के निर्देश दिए गए । जिस वजह से बसें गंत्तव्य तक देरी से पहुंची।

अन्य जिलों से आने वाली बसें भी देरी से भिवानी डिपों में पहुंची। जिस वजह यात्रियों को गंत्तव्य तक पहुंचने में अतिरिकत समय लगाना पड़ा।

## सुमित कादयान बने प्रधान

### सर्वसम्मति से किया नई कमेटी का गठन



भिवानी। जनस्वास्थ्य विभाग यूनियन के चुनाव में भागीदारी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय में शुक्रवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ के जिला दादरी शाखा बाढ़ड़ा के आगामी त्रिवार्षिक चुनाव में सुमित कादयान को तीसरी बार अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों ने चुनाव प्रबंधन कमेटी का आभार जताया। उपमंडल कार्यालय में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सेन व हरकेश शर्मा राज्य संगठन सचिव विशेष तौर पर मौजूद रहे।

चुनाव कमेटी में जयप्रकाश पूनिया जिला प्रधान चरखी दादरी, अली मोहम्मद राज्य प्रेस सचिव, जिला सचिव राजेंद्र सांगवान, जिला कैशियर नित्यानंद फौजी, जिला उपप्रधान योगेंद्र सिंह, जिला प्रेस सचिव धर्मेंद्र व ब्रांच पब्लिक दादरी के प्रधान सुरेंद्र सांगवान सचिव, कर्मवीर सांगवान और यूनियन के सभी पदाधिकारियों ने सलाह मशवरा कर सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया। सुमित कादयान को लगातार तीसरी बार प्रधान नियुक्त किया करते हुए सचिव के लिए जयभगवान शर्मा, रामचन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

**ये रहे मौजूद:** मांगेराम, सुरेश दगड़ौली, ओमप्रकाश बडराई, सोमबीर बेरला, रामसिंह, विनय दगडोली, जितेंद्र धनासरी, संजय रामबास, मंजीत गोपी, मंदीप धारणी, कृष्ण बिलावल, प्रताप शर्मा बाढ़ड़ा आदि मौजूद रहे।

## वार्ड 27 के निवासियों को मिली राहत, दूषित जलापूर्ति की समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

वार्ड नंबर-27 में पिछले कई महीनों से चली आ रही गंदे और बदबूदार पानी की समस्या अब समाप्त होने वाली है। जनसमस्या को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। बीते रोज शुरू हुआ मरम्मत का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि वार्ड 27 क्षेत्र में सीवर का पानी पेयजल आपूर्ति में मिक्स होकर आ रहा था।

स्थिति इतनी गंभीर थी कि स्थानीय लोग टाइफाइड, डायरिया और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे थे। इस समस्या को लेकर क्षेत्रवासी काफी परेशान थे और उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से



भिवानी। वार्ड 27 में दूषित पानी की समस्या का समाधान करने में जुटे कर्मचारी।

संपर्क कर क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को बदलने और अवैध कनेक्शनों के कारण हो रही लीकेज को दुरुस्त करने की मांग उठाई थी। जिला प्रशासन द्वारा कार्य शुरू किए जाने के बाद अब मरम्मत का काम पूरा होने को हैं, जो प्रमुख लीकेज पिछले एक साल से समस्या बनी हुई थी, उसे ठीक कर लिया गया है। इस सुधार के बाद अब निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। लोगों को उम्मीद हैं कि जल्द ही हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा।

## 26 को होगा बुनियाद परीक्षा का आयोजन, बवानीखेड़ा खंड में 376 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया

**बवानीखेड़ा।** प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर प्रतियोगिताओं को करवाकर बच्चों के हुनर को तराश कर निखारने का कार्य किया जाता है तो अनेक ज्ञानवर्धन परीक्षाएं करवाकर उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को आगे भेजने का कार्य किया जाता है। इसी श्रेणी में बुनियाद कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों के चयन हेतु प्रथम लेवल के बैच वर्ष 2026-28 की खंड स्तरीय परीक्षा के आयोजन को अमलीजामा पहनाया जाना है। ये परीक्षा 26 दिसंबर 2025 को आयोजित करने की तिथि निर्धारित की गई है। मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनाया केन्द्र सीआरसी संतोष भाकर ने बताया कि इस परीक्षा के लिए बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया है जिसके लिए हर बार की भांति विभाग के आदेशानुसार पूरी व्यवस्था भी करवा दी गई है।

## हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

### गांव कालुवाला के नीरज चौधरी खेल स्टेडियम में सुविधाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बैनीवाल ने गांव कालुवाला के नीरज चौधरी खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों व खेल संगठनों के पदाधिकारियों से खेल सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी व अन्य ने उनको मांगपत्र देकर ओलंपिक संघ द्वारा क्षेत्र में खेल स्टेडियम विकसित करने की अपील की। गांव



भिवानी। नीरज चौधरी खेल स्टेडियम परिसर में हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बैनीवाल का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी व अन्य।

कालुवाला के नीरज चौधरी खेल स्टेडियम के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग -अलग खेलों की टीमों के खिलाड़ियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा उनके द्वारा कई स्पर्धाओं में मेडल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने समाजसेवी नीरज चौधरी के आवास पहुंचकर पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात की और खेलों में रुचि रखने पर हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि नीरज चौधरी लंबे समय से खेल क्षेत्र से जुड़े हैं और इस तरह के व्यक्तित्व से क्षेत्र को बड़ा लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक खेल स्टेडियम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 13 साल बाद आधुनिक तकनीक से स्टेट गेम शुरू हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी ने ओलंपिक संघ द्वारा क्षेत्र में खेल स्टेडियम विकसित करने की अपील की जिस पर उन्होंने जल्द ही इस क्षेत्र में बड़ा खेल आयोजन करने का भरोसा दिया। उनके अलावा आर्य शिक्षा संस्था निदेशक वजीर मान, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कालुवाला, सरपंच सुनील हड़ौदी आदि मौजूद रहे।

## भीम स्टेडियम को बिजली के भारी भरकम बिलों से राहत मिलेगी

### जल्द लगेगा 20 किलो वॉट का ग्रीड टाईड सोलर पावर प्लांट, दस लाख होंगे खर्च: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि भीम स्टेडियम, भिवानी में जल्द ही 20 किलो वॉट का ग्रीड टाइड सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जाएगा। इस पॉवर प्लांट पर डी-प्लान के माध्यम से स्थापित किया जाएगा, जिस पर करीब 10 लाख 20 हजार रुपए की लागत आएगी।

इसके स्थापित होने पर भीम स्टेडियम को बिजली के भारी भरकम बिलों से काफी राहत मिलेगी। डीसी श्री गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने



भिवानी। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

कार्यालय में में आयोजित जिला खेल परिषद की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए उनके द्वारा बजट की स्वीकृति दी जा चुकी है। डीसी ने सौर ऊर्जा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भीम स्टेडियम में जल्द से सोलर पावर प्लांट स्थापित करें ताकि भीम स्टेडियम में बिजली के भारी भरकम बिलों से राहत मिल सके।

### अधिकारी शीघ्र पत्राचार करें: उपायुक्त

वहीं दूसरी ओर बैठक में बहुउद्देश्यीय हॉल के निर्माण, जिम्नेजियम हॉल की मरम्मत करने, कुश्ती, बॉक्सिंग एवं कबड्डी हॉल की वायरिंग, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बास्केटबॉल, वालीवॉल और हैंडवॉल मैदानों में एलईडी-हाई मास्क लाईट लगवाने बारे, वुशू एवं जूडो खेल के मैदानों प शेड एवं एलईडी लाइट लगवाने, भीम स्टेडियम में हॉल व दीवारों पर रंग-रोगन करवाने,पेड़ों की छंटाई के लिए मशीन खरीदने बारे कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय से संबंधित स्वीकृति के कार्यों के लिए शीघ्र पत्राचार किया जाए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार खेल परिसरों में आवारा कुत्तों पर जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। डीसी ने खेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में सभी खेल स्टेडियम की मौजूदा स्थिति की जांच करें। बैठक में डीएमसी गुलजार मलिक, नगराधीश अनिल कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य,जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता संभव जैन सहित लोक निर्माण, एपीओ दलबीर सिंह व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## झुप्पाखुर्द की बेटी ज्योति दहिया ने राष्ट्रीय स्तरीय लॉ प्रवेश परीक्षा में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू

कानून की पढ़ाई में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली लॉ की प्रवेश परीक्षा में उपमंडल के गांव झुप्पा खुर्द की बेटी ज्योति दहिया ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल करके अपने गांव और इलाके का नाम रोशन किया है। ज्योति दहिया वर्तमान में गुवाहाटी की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी एवं ज्यूडिशियल एकेडमी में कानून की पढाई कर रही हैं और अंतिम वर्ष की छात्रा है।

ज्योति की उपलब्धि में उसके परिजनों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ज्योति के पिता नरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि बेटी ज्योति ने लोहारू के ठुकराल सीनियर सेकेंडरी से दसवीं और 12वीं की परीक्षा पास की थी और इसके बाद क्लेट पास कर एलएलबी की पढाई शुरू की थी। ज्योति गुहावाही से कानून की पढ़ाई कर रही हैं और अंतिम वर्ष की छात्रा है। उन्होंने बताया कि ज्योति ने



- ठुकराल स्कूल निदेशक नरेश ठुकराल और इलाके के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी

एलएलएम में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली अखिल भारतीय विधि प्रवेश परीक्षा दी थी तथा गत दिवस घोषित हुए परीक्षा परिणाम में ज्योति ने पूरे देश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है। उसकी यह उपलब्धि इलाके के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देगी। ज्योति दहिया की इस उपलब्धि पर उनकी मां आरती देवी, ठुकराल स्कूल निदेशक नरेश ठुकराल और इलाके के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया में लहराया प्रतिभा का परचम : धर्माणी

# खेलो इंडिया गेम्स 2025 में सीबीएलयू रही तीसरे स्थान पर

- 200 विश्विद्यालयों ने भाग लिया, सीबीएलयू ने राष्ट्रीय स्तर पर 25 वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्विविद्यालय की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अगुवाई में विश्वविद्यालय के छात्र खेल शिक्षा एवं अनुसंधान के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं इसी कड़ी में डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ सुरेश मलिक के संयोजन में खेलो इंडिया महिला फुटबॉल चैंपियनशिप एवं बॉक्सिंग और कुश्ती में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विवि की महिला फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर अपना परचम लहराया है । डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉ सुरेश मलिक ने बताया कि जयपुर में आयोजित खेलो यूनिवर्सिटी महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में विवि की महिला फुटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 की राजस्थान के भरतपुर में आयोजित बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विवि की खिलाड़ी रुचिका ने 54 किलोग्राम



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भार में स्वर्ण पदक,निशा ने 75 में रजत पदक एवं खिलाड़ी दक्ष ने 92 में कांस्य पदक तथा कुश्ती ग्रीको में खिलाड़ी राजीव ने 60 में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। खेलो इंडिया गेम्स 2025 में देश भर के 200 विश्विद्यालयों ने भाग लिया जिसमें चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर 25 वें रैंक तथा प्रदेश के प्रदेश के विश्विद्यालयों में तीसरा रैंक हासिल किया है।

### विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि

विश्वविद्यालय की महिला फुटबॉल टीम एवं बॉक्सिंग और कुश्ती के विजेता खिलाड़ियों को कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी, कुलसचिव डॉ जितेन्द्र भारद्वाज,स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक, डॉ वीके जैन,डॉ लखा सिंह सहित सभी डीन एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने बधाई दी है । कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा यह जीत विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जीत से सभी खिलाड़ियों में नए उत्साह का संचार होगा और भविष्य में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अधिक से अधिक मेडल जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे । उन्होंने खिलाड़ियों से सीधा संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी खूबी और कमी को जरूर जानें ताकि आगामी प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम दे सकें।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर कोच विकास पाराशर,अजमेर ,मंजीत ढांडा ,सुनील कुमार,पूनम यादव, रविंद्र शर्मा,अंजू रानी,निशा,दीपक,संजू सहित अनेक कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।


## पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का 23 दिसंबर से होगा आगाज: हनुमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- 36 बिरादरी के संस्कृतिक प्रेमी बड़ी संख्या में लेंगे भाग

गांव उमरावत स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह बात म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने हरियाणा अनुसूचित आयोग के वाईस चेयरमैन विजेन्द्र बडग़ूजर को निमंत्रण पत्र देते हुए कही।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक किया जाएगा। इस दौरान वर्धमान ज्वैलर्स से सचिन जैन को भी निमंत्रण दिया। हनुमान कौशिक ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में 36 बिरादरी से संस्कृतिक प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान 23 दिसंबर को राजेश तुफान, 24 को धर्मबीर भगाणा, 25 व 26 दिसंबर को सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णुदत्त कौशिक अपनी टीम के साथ सांगों की प्रस्तुति देंगे तथा 27 दिसंबर को रागनी प्रतियोगिता में नरेन्द्र दांगी, राजेश थुराना, सुरेन्द्र गिगनाऊ, अशोक मरीची, जनक बापोड़ा, धर्मेंद्र मुरलीपुर, लोकेश हांसी, सुनील हरीपुर, कप्तान बिसानिया, इंद्रजीत कुंडलिया अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style



# राधिका मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना




कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

**खबर संक्षेप**

## विभागों ने विशेष शिविर लगाकर दी सेवाएं

**नारनौल।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त और जन-हितैषी बनाने के संकल्प के साथ आज पांचवें सुशासन सप्ताह-2025 की विधिवत शुरुआत हुई। प्रशासन गांव की ओर नाम से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की सचिव रचना शाह ने वर्चुअल माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान की लांचिंग की। इस दौरान देशभर के मुख्य सचिव तथा उपायुक्त जुड़े रहे। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह मनाया जाता है।

## 25 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान की निरंतरता में युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा एवं ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि यह रोजगार मेला 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे बस स्टैंड के पास यादव धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। मेले में आईटीआई डिप्लोमा होल्डर, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक, दसवीं से स्नातक तक शिक्षित, ट्रेंड एवं अनट्रेंड युवा भाग ले सकेंगे। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क ट्रस्ट अथवा संबंधित एजेंसियों द्वारा नहीं लिया जाएगा।

## आवेदन प्रक्रिया जारी अंतिम तिथि 1 जनवरी

**नारनौल।** सैनी सभा की ओर से समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सैनी सभा नारनौल के महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि सभा का उद्देश्य समाज को एकजुट, संगठित एवं सशक्त बनाना है, जिसके लिए अधिक से अधिक समाज बंधुओं की सहभागिता आवश्यक है।

महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि जो भी समाज के सम्माननीय बंधु सैनी सभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं, वे अपना पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति सहित निर्धारित आवेदन–फॉर्म सैनी सभा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक जनवरी 2026 की शाम पांच बजे तक निर्धारित की गई है।

## सरकार दिलाएगी स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान

**नारनौल।** प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारने और स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा एक नई शुरुआत की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में स्वदेशी महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि 19 से 28 दिसंबर 2025 यह महोत्सव चलेगा।

# श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी मर्यादा का त्याग नहीं किया: शास्त्री

### आनंद ब्रादर्श सेवा समिति की ओर से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

▪ जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया

सिंघानिया सदन धर्मशाला में आनंद ब्रादर्श सेवा समिति की ओर से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीराम की मर्यादाओं, आदर्शों और उनके प्रेरणादायी जीवन पर विशेष प्रकाश डाला गया। कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भावविभोर होकर कथा का श्रवण किया और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। छठे दिन की कथा में वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक राधेश्याम शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक राजा या योद्धा नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन सत्य, धर्म, करुणा, त्याग और कर्तव्यबोध का सर्वोत्तम उदाहरण है। माता-पिता की आज्ञा का पालन, भ्रातृ प्रेम, पत्नी के प्रति समर्पण और प्रजा के हित को सर्वोपरि रखना—ये सभी गुण आज के समाज के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कथावाचक ने वनवास, केवट प्रसंग, भरत मिलाप और राजधर्म से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम ने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी मर्यादा का त्याग नहीं किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन समय में भी धैर्य, संयम और धर्म के मार्ग पर चलना ही सच्ची विजय है। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा संयोजक वेदप्रकाश व समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सप्तदिवसीय कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना और लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के समापन पर आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



भिवानी। सत्संग में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को बाल विवाह के कुप्रभावों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

▪ विद्यालय स्तर पर भाषण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ विभाग की प्रार्थना सभा में सी.बी.एस.ई. के निर्देशानुसार 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने हेतु प्रारंभ किया गया यह अभियान 27 नवंबर को अपने एक वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस अवसर को चिन्हित करते हुए देशभर में 100 दिवसीय सघन अभियान का संचालन 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। स्कूल में अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर दो गतिविधियां बाल विवाह मुक्त भारत पर भाषण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष पुष्पार्पण के साथ हुआ। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा प्रिया ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में वर्तमान समय में बाल विवाह रोकने के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। तत्पश्चात कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा साक्षी ने बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के संकल्प के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शपथ दिलवाई। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत, प्राचार्य विमलेश आर्य एवं उप-प्राचार्य दीपक वशिष्ठ ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरि-भूरि सराहना की तथा इसे सामाजिक चेतना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस गतिविधि के सफल संचालन में आचार्य सूरजभान लांबा, सुभाष गिल एवं आचार्या सुमन रानी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, अमरेंद्र कुमार, संगीताचार्य गोविंद प्रताप मिश्रा, आचार्य राजेश मोदी, खेल प्रशिक्षक रामभगत, आचार्या सारिका अरोड़ा, सुमन तंवर, कुमारी किरण, मनीषा परमार, पूनम तंवर, किरण मखीजा, नीलम देवी, कोमल व कलाचार्या सोनिया सहित वरिष्ठ विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. राकेश कुमार वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की अनुसंधान एवं विकास समिति के सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

▪ शैक्षणिक समुदाय ने डॉ. भारद्वाज के इस मनोनयन पर हर्ष एवं गौरव व्यक्त किया



डॉ. राकेश भारद्वाज।

तोशाम के बीएलजेएस महाविद्यालय से सेवानिवृत पूर्व प्राचार्य एवं वर्तमान में केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग में प्रोफेसर (एडजंक्ट फैकल्टी) डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज को भारत सरकार, नई दिल्ली के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।

इस प्रतिष्ठित समिति में डॉ. भारद्वाज का मनोनयन उनके व्यापक शैक्षणिक अनुभव तथा पर्यावरणीय एवं अंतर्विषयी अनुसंधान के क्षेत्र में उनके सतत कार्य की स्पष्ट पहचान है। डॉ. भारद्वाज ने इस अवसर पर कहा कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) वर्तमान समय में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निवास करने वाले करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली एक अत्यंत गंभीर समस्या बन चुका है। इस परिप्रेक्ष्य में, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के तकनीकी सदस्य डॉ. वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में गठित आर एंड डी समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु नवाचारी अनुसंधान एवं प्रभावी नीतिगत सुझावों की अनुशंसा करने के साथ-साथ एनसीआर क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के शैक्षणिक समुदाय ने डॉ. भारद्वाज के इस मनोनयन पर हर्ष एवं गौरव व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा प्रो-कुलपति प्रो. पवन शर्मा ने डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है तथा वायु गुणवत्ता में सुधार और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा से जुड़े राष्ट्रीय प्रयासों में एक महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है।

# बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'लैंगिक समानता' विषय पर लघु कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

▪ कार्यशाला में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

बवानी खेड़ा के बी .के.वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'लैंगिक समानता' विषय के ऊपर लघु कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट की। इस कार्यशाला में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । कक्षा तृतीय तथा पांचवी की छात्रा चैरवी और ममता ने लैंगिक समानता के ऊपर व्याख्यान एवं कविता प्रस्तुत की। छात्रा ऋषिका कक्षा पांचवी से ने कहानी के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। विद्यार्थियों ने लैंगिक समानता के ऊपर एक लघु नाटिका के माध्यम से कक्षा-कक्ष का दृश्य दिखाकर इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला। दूसरी ओर बीते दिनों हुई 'द्वितीय हरियाणा ओपन किड्स' एथलेटिक्स प्रतियोगिता' जो की सी. आर. ए. कॉलेज सोनीपत में 13 व 14 दिसंबर को आयोजित करवाई गई, में बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र संस्कार, पुत्र रिपु दमन, गांव जाटू लुहारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने छात्र की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी। दूसरी ओर उन्होंने समलैंगिक समानता के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि लैंगिक समानता सभी लिंगों, चाहे महिला पुरुष या अन्य किसी भी वर्ग का सदस्य हो समान अधिकार प्रदान करती है।लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति में कोई भेदभाव न हो। लैंगिक समानता निष्पक्षता तथा सबको साथ लेकर चलने पर बल देती है, ताकि सबका उत्थान हो, सबका समाज के विकास में योगदान हो। कक्षा कक्ष के अंदर भी लड़का और लड़की में कोई भेदभाव ना हो दोनों को ही समान रूप से आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। यह एक ऐसा वातावरण प्रदान करती है, जहां हर कोई सुरक्षित और सम्मानित महसूस करता है।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव योगेश शर्मा, सुरेश शर्मा, वरिष्ठ विभाग संचालक योगेन्द्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालक मंजु मलिक, टीना भारद्वाज, काजल जांगड़ा, रोहित सहित प्राथमिक विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बवानीखेड़ा। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

# शिविर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी



भिवानी। समाज कल्याण विभाग द्वारा शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

▪ समाज कल्याण विभाग ने लगाया विशेष शिविर

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार स्वीकारः न्याय और सम्मान अभियान के तहत लघु सचिवालय स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के प्रमाणपत्र बनने और अन्य पात्र लोगों को दी जाने वाली पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार ने नागरिकों को बताया कि विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के प्रमाण पत्र बनाए जाते हैं, ताकि भविष्य में उनके हित में लागू की जाने वाली सरकारी योजना का लाभ ले सकें। इसके अलावा शिविर में लोगों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा, विधुर, अविवाहित, निराश्रित, दिव्यांग, लाडली आदि पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को ऑल लाईन आवदेन की प्रक्रिया की जानकारी भी गई। शिविर में कार्यालय के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वामी डॉ. सदानंद महाराज ने सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से मुलाकात करते स्वामी डॉ. सदानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

▪ दोनों विभूतियों के बीच आध्यात्मिक चर्चा में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के सिलीगुड़ी प्रवास के दौरान आध्यात्मिक बैठक संपन्न हुई। श्रीकृष्ण प्रणामी विश्व परिषद् के अध्यक्ष डॉ. स्वामी सदानंद महाराज ने डॉ. मोहन भागवत से भेंटकर की। डॉ. भागवत ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. सदानंद के अतुलनीय योगदान की सराहना की। इस दौरान सरसंघचालक ने स्वामी सदानंद महाराज को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान स्वामीजी को गो-सेवा, स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के प्रति कृतज्ञता स्वरूप दिया गया। परिषद के राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि दोनों विभूतियों के बीच आध्यात्मिक चर्चा में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई, जिसमें राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की अनिवार्य भूमिका, मानव कल्याण और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए सनातन मूल्यों को आधुनिक समाज से जोड़ना, वर्तमान सामाजिक संकटों के समाधान के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि स्वामी डॉ. सदानंद ने 8 हजार जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह जैसा पुनीत कार्य अपने कर कमलों से पूर्ण किया है। गौवंश संरक्षण के लिए लगभग 118 गौशालाओं के निर्माण कार्य से 80 हजार बेसहारा गायों व नंदियों को आश्रय देने का पुण्य कार्य किया है। वहीं एक लाख पौधों का रोपण भी किया जा चुका है। यही नहीं एक लाख 25 हजार पोलियोग्रस्त रोगियों का निरीक्षण कर 35 हजार पोलियों रोगियों का ऑप्रेशन के अलावा 45 हजार कैलीपस वितरण किया। स्वामी सदानंद ने भारतीय सेना, थैलीसीमिया व कैंसर पीड़ितों के लिए 121 रक्तदान शिविरों के माध्यम से 19 हजार 500 यूनिट रक्त एकत्रित कर मानवता की सेवा की है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वामीजी ने भारत को टीबी मुक्त अभियान के तहत 200 मरीजों को गोद लिया और उनका ईलाज करवाया।

## पुलिस ने पकड़ा 300 लीटर लाहन के साथ आरोपी

**बवानी खेड़ा।** पुलिस ने गांव सिपर से एक व्यक्ति को अवैध शराब बनाने के लिए तैयार 300 लीटर लाहन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।18 दिसंबर को एएसआई संदीप कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त व अपराध रोकथाम ड्यूटी पर सिपर रोड, जमालपुर क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव सिपर में एक व्यक्ति अपने मकान के अंदर अवैध शराब बनाने हेतु लाहन तैयार कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर रेड की गई। रेड के दौरान एक व्यक्ति को मौके से काबू किया गया, जिसके कब्जे से 300 लीटर लाहन बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मलकीत निवासी सिपर के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत थाना बवानी खेड़ा में अभियोग पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने के आदेश पारित किए गए हैं।

**रथ यात्रा** | आत्मनिर्भर भारत रथ यात्रा का स्वागत, लोगों ने बरसाए पुष्प

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता ही एकमात्र मार्ग : कौशिक

प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने में जुटी है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा का शुक्रवार को भिवानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ रथ की अगवानी की। यह रथ यात्रा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कैथल से 7 दिसंबर से शुरू की गई थी। जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूक करना और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना है। जिसके तहत प्रत्येक जिला में घूमकर यह रथ लोगों को आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। रथ के माध्यम से हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी और वोकल फॉर लोकल का नारा दिया जा रहा है। इसके अलावा रथ के माध्यम से सरकारी योजनाओं, जैसे मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया की जानकारी दी जा रही है।




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रथ पर पुष्प वर्षा की

स्थानीय घंटाघर चौक पर पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ रथ पर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर लोगों को भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और आत्मनिर्भरता ही उसका एकमात्र मार्ग है। यह रथ केवल एक वाहन नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान का प्रतीक है। जब हम स्थानीय स्तर पर बनी वस्तुओं को खरीदेंगे, तो हमारे अपने युवाओं को रोजगार मिलेगा और देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि भिवानी जिला हमेशा से राष्ट्रवादी विचारधारा का केंद्र रहा है और यहां के लोग इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाएंगे। उन्होंने व्यापारियों और युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाएं।

### यह रहे शामिल

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता रामकिशन शर्मा, संदीप सजूमा, अजीत सिवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, मीना परमार, रविंद्र बापोड़ा, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, जिला प्रवक्ता विनोद चावला, नरेश गर्ग, मीनू अग्रवाल, संजय दुआ, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, राजेश जांगड़ा, शालू अरोड़ा, प्रदीप घुसकानी, कृष्ण कुमार ग्रेवाल, पिंकी नागर, सोनिया अत्री, नविता तंवर, सुनील भारद्वाज धारेडू, लोकेश बंटी, प्रदीप मुंढ़ाल, अंकित पालुवास सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने पुरस्कार से जुडी जानकारी देते हुए बताया कि केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निःस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर की जाती है।

## पूर्व मंत्री सहित अनेक लोगों ने जताया शोक

**भिवानी।** वरिष्ठ अधिवक्ता सोहनलाल मक्कड़ के अधिवक्ता पुत्र गगनदीप मक्कड़ के निधन पर पुराना हाउसिंग बोर्ड स्थित उनके निवास स्थान पर शोक जताने वालों का तांता लगा रहा।। उनके निधन पर पूर्व मंत्री जेपी दलाल,रामप्रताप शर्मा,बार के पूर्व प्रधान पवन गर्ग,रामकिशन फौजी, एडवोकेट मदन सैनी, एडवोकेट संजीव बराड़, एडवोकेट नितिन अग्रवाल, एडवोकेट ओमप्रकाश सिराधना,पूनम ने शोक व्यक्त किया। यहां उल्लेखनीय होगा कि सोमवार को अधिवक्ता गगनदीप मक्कड़ का हृदय गति रूकने से निधन हो गया। गगनदीप मक्कड़ भिवानी बार में पिछले 23 वर्षों से वकालत कर रहे थे। वे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट सोहनलाल मक्कड़ के छोटे पुत्र थे। वे अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए हैं।

## एक्सईएन के माध्यम से एसीएस पावर को सौंपा ज्ञापन

# अधिकारी पालिसी की आड़ में कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ कर रहे : मनोज

### ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में नारेबाजी कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने शुक्रवार को यहां कार्यकारी अभियंता के कार्यालय के सामने जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव (पावर) को ज्ञापन सौंपा,जिसमें तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी को वापिस लेने की मांग की। कर्मचारियों ने सरकार को चेताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी अगर वापिस नहीं ली गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान मनोज बल्लू बामला व मंच संचालन यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एचएसईबी के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने बताया कि सरकार अपनी हठधर्मिता के चलते बिजली कर्मचारियों पर ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी थोंपने का काम कर रही है। जबकि इसके नुकसान ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस पालिसी की आड़ में कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस पॉलिसी के तहत कर्मचारियों के जो ट्रांसफर होंगे उनको अपने क्षेत्र की लाईनों के बारे में जानकारी नहीं होगी और हादसों की संभावना बढ़ जाएगी। इस पालिसी से बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों व कर्मचारियों के बीच टकराव बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि एचएसईबी यूनियन सरकार से मांग करती है कि कर्मचारियों व जनता के हित को देखते हुए यह पालिसी तुरंत वापस ली जाए।

पूर्व सर्कल सचिव महेश रोहिल्ला ने कहा कि सरकार की नीति व नियत में बहुत बड़ा अंतर है। झूठी वाहवाही लूटने के चक्कर में बिजली कर्मचारियों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग में हजारों पद खाली पड़े हुए हैं।


भिवानी। ऑन लाइन पॉलिसी के विरोध में मांगपत्र सौंपते हुए।


**ये रहे मौजूद**

इसके बावजूद पालिसी की आड में उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसे यूनियन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और इसका मुहंतोड़ जवाब दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में रमेश यादव, अनिल कादमा, पवन धनाना, उमेश, सुरेन्द्र एफएम, सुदर्शन यादव,अनिल, नरेश तालू, विनोद, मनीष कालीरामना, रामबीर सिंह, प्रदीप सीए, अशोक बेनीवाल, विकास सांगवान, नरेश पंघाल, पवन जेई, विनय सांगवान, राकेश, पूजा लाइनमैन, पूजा एएलएम, दिनेश, कपिल एएफमएम, मनप्रीत सिंह, राजेश सुमरा खेड़ा, जितेंद्र मोनी, प्रदीप नंदा, मनोज कौशिक, प्रदीप कुमार, दीपक गोयल, अजीत घणघस जेई , लालचंद जेई, लक्ष्यपाल जेई, कुलदीप जेई, श्रवण कुमार, परमानंद, संदीप शर्मा कैरू, जोगेंद्र घणघस, विशाल गहलावत, राजकुमार एएफएम, कमलेश, बाला देवी, रामपाल संडवा, सुमित पुर, राजेन्द्र एसएसए, पुनित सरदाना, बाबूलाल, सतबीर, सोनू तंवर समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नागरिकों का गुस्सा फूटा, जन संघर्ष समिति के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन




*भिवानी। जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में जैन चौकी के सामने कमेटी मोहल्ले में कई महीनों से सीवरेज ठप्प होने के विरोध में मोहल्ला निवासियों ने शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन करके मांग की है कि सीवरेज ठप्प की शीघ्र बड़ी मशीन से सफाई करवाई जाए। प्रदर्शन की अध्यक्षता मोहल्ला वासी सरोज ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व दलित अधिकार मंच के संयोजक सुखदेव पालवास ने कहा कि जैन पुलिस चौकी के सामने कमेटी मोहल्ले में कभी सीवरेज की सफाई होती ही नहीं है। यहां 12 महीने नालियां गंदे पानी की भरी रहती हैं, पीने का गंदा पानी आ रहा है, मोहल्ला वासी गंदा पानी पीने पर मजबूर है। इस दौरान प्रदर्शन में गीता, रामदेवी, देवकी, रानी, कमलेश, प्रेमलता, लीलो, मीना, रोहित कुमार, सन्नी, शिवकुमार व गुलशन ने हिस्सा लिया।*


बाढ़ड़ा । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का क्रांतिकारी चौक पर स्वागत करते चेयरमैन सुधीर चांदवास व अन्य भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

# दिल्ली की सीएम गुप्ता का भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का शुक्रवार को कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक पर पहुंचने पर दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली चुनाव में भागीदारी करने वाले कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार सुबह दिल्ली से खाटु श्रीश्याम धाम जा रही थी और उन्होंने दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास के प्रतिष्ठान पर जलपान कार्यक्रम निश्चित किया था, जिसकी सुचना मिलते ही सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि वहां पहुंच गए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समय के अभाव में मुख्य चौक पर ही मुलाकात की तथा उनका पवित्र धाम पर पहुंचने की अपील की। मुख्यमंत्री गुप्ता का चौक पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम, जय श्रीश्याम व भारत माता की जय के नारों के साथ स्वागत किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आप लोगों के सहयोग व आशीर्वाद व पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच व सानिध्य में आपके हरियाणा की बेटी दिल्ली में जनसेवा में जुटी है।

**ये रहे मौजूद**

उनके आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंटी, बलवान आर्य, मंडल अध्यक्ष शमशेर पंचगावां, पंकज शर्मा, महेंद्र शर्मा बाढ़ड़ा, मास्टर बजरंग सिंटी, प्रदीप बाढड़ा, सेठ अजय कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता को लेकर कार्यशाला आयोजित

## कार्यशाला में बाल विवाह उन्मूलन को लेकर विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिवानी के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में एक दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा बच्चों व किशोरों के संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी देना रहा। कार्यशाला में उप मुख्य कानूनी सहायता रक्षा अधिवक्ता बबली ने बाल विवाह उन्मूलन योजना, 2025 के तहत नालसा द्वारा संचालित (आशा जागरूकता, सहायता, मदद और कार्रवाई) कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह समाज की एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को प्रभावित करती है। इस योजना के माध्यम से बाल विवाह की पहचान, रोकथाम, पीड़ित बच्चों को संरक्षण, कानूनी सहायता तथा पुनर्वास की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक, पैरा लीगल वॉलंटियर और अधिकार मित्र बाल विवाह की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर इस सामाजिक बुराई को खत्म करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने नशा मुक्त भारत योजना, 2025 के अंतर्गत नालसा की (डॉन ड्रग अवेयरनेस एंड वेलफेयर नेविगेशन) योजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा समाज, परिवार और युवाओं के भविष्य के लिए घातक है। इस योजना के तहत नशे से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सहायता, परामर्श, पुनर्वास केंद्रों से जोडने तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यशाला में सहायक कानूनी सहायता रक्षा अधिवक्ता विनोद कुमार ने किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं इसके आदर्श नियम, 2016 की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता, अधिकार मित्र एवं पैरा लीगल उपस्थित रहे।

**न्यायालयों का बोझ कम होगा**

वहीं पैनल अधिवक्ता सुनील मलोदिया ने सामुदायिक मध्यस्थता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छोटे-छोटे पारिवारिक, सामाजिक और सामुदायिक विवादों को आपसी संवाद और सहमति से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता से न केवल न्यायालयों पर बोझ कम होता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को भी बढ़ावा मिलता है।

## जनवादी महिला समिति ने जी राम जी बिल वापस लेने की मांग की

**भिवानी।** जनवादी महिला समिति भिवानी नए वीबी-जीरामजी बिल को तुरंत वापस लेने और मनरेगा एवं रोजगार के अधिकार को मजबूत करने की मांग करती है।

जनवादी महिला समिति, भिवानी की जिला अध्यक्ष बिमला घनघस व जिला सचिव ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि प्रगतिशील संगठनों और वामपंथी पार्टियों के लंबे संघर्षों के बाद सभी राजनीतिक दलों के समर्थन से पारित मनरेगा दुनिया का सबसे बड़ा रोजगार गारंटी कार्यक्रम बना था। इस कानून ने ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष कम से कम 100 दिनों का रोजगार प्रदान करने के लिए भारत सरकार को जवाबदेह बनाया था।

# शिविर में 378 लोगों की आंखें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी




मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति में जिला न्यायलय में मेडिकल व रक्तदान शिविर लगाए। इस दौरान संगठन ने करीबन 150 अधिवक्ता साथियों को सम्मानित किया। खास तौर पर 60 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ता जो कि कानूनी क्षेत्र में सेवाए दे रहे, उन्हें सम्मानित किया। दूसरी और स्वर्गीय सूबेसिंह की स्मृति में बिरहीकलां में मेडिकल व रक्तदान कैंप लगे।

अध्यक्षता बार प्रधान अधिवक्ता सुरेंद्र मैहडा ने की। मुख्य अतिथि जिला न्यायधीश नरेश कुमार, सीजेएम निधि सोलंकी, एजेएम मीनाक्षी यादव, लक्ष्य गर्ग, रजत अरोडा रहे। विशिष्ट अतिथि संगठन संस्थापक पूर्व बैंक अधिकारी बलवान साहू ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू व संगठन के प्रयासों की अधिवक्ता साथियों द्वारा सराहना की गई व भरोसा दिलाया गया कि दादरी को विकसित करने के लिए हर संभव योगदान देने के लिए बार एसोसिएशन साथ है। इस दौरान दोनों जगहों पर आयोजित रक्तदान कैंपों में 179 यूनिट एकत्रित की और रक्तदाताओं को बैज लगाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार मेडिकल कैंपों में फिट फयूचर मल्टी स्पेशिलिटी, सांवरिया लैब, गीताजंली अस्पताल, आई केयर, आई क्यू के चिकित्सकों ने 378 सामान्य व नेत्र रोग के मरीज जांचे, दवा वितरण हुआ, शूगर, ब्लड, विटामीन, सीबीसी आदि टेस्ट किए।

**ये रहे मौजूदः** इस मौके पर बार एसोसिएशन सचिव राजेश, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र फौगाट, जीतराम, बिजेंद्र सिंह, सुबेसिंह लांबा, मंदीप फौगाट, योगेश शर्मा, धर्मेंद्र फौगाट, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

## 25 से चलेंगे प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम समस्याओं का समाधान किया जाएगा



चरखी दादरी । प्रदेश में 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जिला में प्रशासन द्वारा प्रत्येक उपमंडल में गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सुशासन सप्ताह के तहत होने वाले प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिले के अधिकारियों के साथ मंथन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान सरल पोर्टल और सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करें और नागरिकों की शिकायतों को प्रमुखता से लें। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान के दौरान अधिकारी अपने कार्य को और तेज गति प्रदान करें। जिले के दोनों उपमंडल में संबंधित एसडीएम को वहां का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारी अभियान के दौरान और अधिक गंभीरता से कार्य करें। बैठक में जिप सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह सहित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दलबीर 10वीं बार बने वर्कर्स यूनियन के खंड प्रधान, संगठन सदस्यों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की लोहारू इकाई के चुनाव शुक्रवार को लोहारू में संपन्न हुए। चुनावों में सर्वसम्मति से दलबीर श्योराण को खंड का 10वीं बार निर्विरोध प्रधान चुन लिया ।

बता दें कि दलबीर ढ्रूकसह संगठन के राज्य उप महासचिव की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। दलबीर सिंह को सर्वसम्मति से प्रधान चुने जाने पर यूनियन के सदस्यों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी। इस दौरान खंड की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया। शुक्रवार को राज्य कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, राज्य प्रचार सचिव सुरेश यादव की की देखरेख में आयोजित चुनावों में नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान संगठन के जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार टोनी भी मौजूद रहे।


लोहारू। नई हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के नई कार्यकारिणी सदस्य शपथ लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कार्यकारिणी में दलबीर सिंह को पुनः प्रधान चुना गया। वहीं जगबीर पहाड़ी को बांच चेयरमैन, जैन कुमार को सचिव, उपेंद्र कुमार को पुनः कैशियर, आजाद को वरिष्ठ उपप्रधान, नरेंद्र नागल व संदीप को ब्रांच उप महासचिव, बलवान सोहांसड़ा को प्रेस सचिव, लीलुराम व विक्रम को संगठन सचिव, रामबिलास व राकेश को कार्यालय सचिव, युद्धवीर को ऑडीटर, सतवीर सिंह को मुख्य सलाहकार, जगमाल, मोहन व विकास शर्मा को प्रचार सचिव, सोमवीर, राजपाल, चंद्रप्रकाश, जगदीश, सुरेश फरटिया व नरेश को उप प्रधान चुना गया। इस दौरान नए पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलवाई।

*15 से 30 जनवरी तक लगेगी प्रदर्शनी*

## पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगरों को दिल्ली प्रदर्शनी में मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

भारत सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी नई दिल्ली मे 15 से 30 जनवरी तक आयोजित होगी, जिसमे देशभर के चयनित कारीगर अपने हुनर और उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए जिले से तीन पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाना है।

इस चयन प्रक्रिया में केवल उन्हीं कारीगरों को शामिल किया जाएगा, जिनके उत्पाद गुणवता की दृष्टि से उत्कृष्ट होंगे और राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के अनुरूप पाए जाएंगे। प्रदर्शनी पारंपरिक हस्तकला को पहचान दिलाने, बाजार उपलब्ध करवाने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर के माध्यम से कारीगर न केवल अपनी कला को देश विदेश तक पहुंचा सकेंगे, बल्कि अपने उत्पादों के प्रचार प्रसार के साथ नए व्यवसायिक संपर्क भी स्थापित कर सकेंगे। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के पंजीकृत इच्छुक लाभार्थी अपना नाम, संपर्क नंबर, शिल्प का संक्षिप्त विवरण तथा उत्पादों की 4-5 उच्च गुणवता वाली रंगीन फोटो दो दिन के अंदर जिले एमएसएम ई केंद्र किसान मॉडल स्कूल भैरवी चरखी दादरी में जमा करना सुनिश्चित करें।

## एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति को जिला बार एसोसिएशन ने दिया समर्थन



**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश में लगातार जल संकट बना हुआ है, जिसके लिए समय-समय पर प्रदेश में एसवाईएल नहर के पानी की मांग उठ रही है, लेकिर पंजाब प्रदेश की जिद के कारण एसवाईएल नहर बन नहीं पा रही। एसवाईएल हिमाचल मार्ग समिति के प्रधान जितेन्द्र नाथ ने बताया कि समिति द्वारा तैयार एक प्रारूप भिवानी जिला बार सभागार के समक्ष रखा, जिस पर सभी अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति जताई और इसे अच्छा विकल्प माना। उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर से नहर बनकर आती है तो पंजाब की जिद भी खत्म होगी और हरियाणा प्रदेश को उसके हिस्से का पानी भी मिलेगा, जिससे यहां का किसान खुशहाल होगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर व सचिव विनोद भारद्वाज ने अपना समर्थन दिया और कहा कि वे इस मुद्दे को अन्य जिलों की बार एसोसिएशन के समक्ष रखेंगे, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

**श्रद्धांजलि** ब्रिटिश साम्राज्यवादी हुकूमत से देश को आजादी दिलाने को अनेक युवक-युवतियों ने दी कुर्बानी

# शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खां राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह को दी श्रद्धांजलि

### हिन्दू-मुस्लिम एकता, अछूत उद्धार व समानता के समर्थक

- 17 दिसम्बर 1927 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) और शहीद महापुरुष यादगार कमेटी के संयुक्त बैनर तले नेहरू पार्क में आजादी आंदोलन की गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी और काकोरी एक्शन के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल अश्फाकउल्ला खां, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह के 98वें शहादत दिवस पर इन महान क्रांतिकारियों को स्मृति सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी। स्मृति सभा की अध्यक्षता शहीद व महापुरुष यादगार कमेटी भिवानी के जिला संयोजक कामरेड राजकुमार बासिया ने की। मुख्य वक्ता ट्रेड यूनियन नेता रामफल रहे और संचालन युवा संगठन एआईडीवाईओ के जिला संयोजक संदीप मेहरा ने किया।

सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता रामफल ने बताया कि ब्रिटिश साम्राज्यवादी हुकूमत से देश को आजादी दिलाने के लिए अनेक युवक-युवतियों ने अपना सर्वस्व कुर्बान किया था। सन 1921 में गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन वापस लिये जाने पर देश में आजादी की चाह रखने वाले आम लोगों, खासकर क्रांतिकारियों में इस रास्ते से मोहभंग हो गया, ऐसे में रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 'हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन' नामक क्रांतिकारी संगठन का उदय हुआ। समझौताहीन संघर्ष की धारा के क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाकउल्ला खा और राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी 19 दिसम्बर 1927 व रोशन सिंह 17 दिसम्बर 1927 को वीरता के साथ हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम शहीद हो गये थे। शहीद रामप्रसाद बिस्मिल व अश्फाकउल्ला दोनों अपने-अपने धर्मों को मानते थे, एक था आर्यसमाजी, दूसरा था मुसलमान, लेकिन वे धर्म को व्यक्ति का निजी विश्वास का मामला मानते थे। दोनों हिन्दू-मुस्लिम एकता, अछूत उद्धार व स्त्रियों की शिक्षा व समानता के प्रबल समर्थक थे। बिस्मिल एक अद्भुत संगठक थे। 28-31 जनवरी 1925 को संयुक्त प्रांत के प्रमुख नगर बम्बई, लाहौर, अमृतसर, कलकत्ता, रंगुन पूरे देश में एक साथ पर्चा बांटा, जिसमें किसानों व मजदूरों को संगठित करने की बात कही गई थी। एआईडीवाईओ के जिला संयोजक संदीप मेहरा ने बताया कि 1947 में देश आजाद तो हुआ लेकिन सत्ता भारतीय पूंजीपति वर्ग के हाथों में आ गई, आज देश की आम जनता पूंजीवादी शोषण-शासन की चक्की में पिसकर सिसक रही है।


भिवान । शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाक उल्ला खा, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी व रोशन सिंह को श्रद्धांजलि देते एआईडीवाईओ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**इन्होंने किया नमन**

स्मृति सभा को किसान नेता रोहताश सिंह सैनी और मजदूर नेता धर्मबीर सिंह आदि ने सम्बोधित किया। सभा में राममेहर, सुनील, मुनेश, अंजलि मेहरा, अनुज, बनीता, प्रेम, सुशील कुमार, फुलसिंह, सुनीता, अनिता, छोटू, अजय दहिया, सत्यनारायण बाजीना आदि मौजूद रहे।